## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **हर घर तिरंगा अभियान के क्रम श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के नेतृत्व में पुलिस लाइन बांदा से निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा।**

**विवरण**– 79वां स्वतंत्रता दिवस गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2025 को श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री अजीत कुमार व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 के नेतृत्व में पुलिस लाइन बांदा से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्रीमान् श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा में जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों, विभिन्न स्कूलो/कॉलेजो के छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर महाराणा प्रताप चौराहा से होते हुए कालूकुआं चौराहा से वापस पुलिस लाइन में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देश के प्रति सच्ची निष्ठा को जगाना व प्रत्येक देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना है। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री माविस टक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासु, क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस बल, जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रा-छात्राओं द्वारा हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में पूरे जोश के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया गया।